सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 131 | इंदौर, मंगलवार 26 नवंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# आधी रात को मकान में ब्लास्ट 2 महिलाओं की मौत

## 2 के दबे होने की आशंका; पांच घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना। मध्यप्रदेश के मुरैना में रात करीब साढ़े 12 बजे एक मकान में ब्लास्ट हो गया। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। दो अन्य मलबे में दब गई हैं। SDERF की टीम मौके पर जेसीबी की मदद से रेस्क्यू चला रही है।**



पांच घायलों को मुरैना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। ब्लास्ट शहर के टंच रोड स्थित राठौर कॉलोनी निवासी मुंशी राठौर के मकान में हुआ। इसके आसपास बने चार और मकान धराशायी हो गए।

मुंशी राठौर के मकान में रहने वाले किरायेदार ब्लास्ट की जद में आए। इनमें से वैजयंती कुशवाहा और उसकी शादीशुदा 45 वर्षीय बेटी विमला कुशवाहा की मलबे में दब गई। धमाके की वजह से मुंशी के पड़ोस में बना राकेश राठौर (55) का मकान भी ढह गया। उनकी पत्नी विद्या राठौर (50) की हादसे में जान चली गई। पड़ोस में रहने वाले वासुदेव राठौर की बहू पूजा राठौर की भी मौत हो गई है। दोनों के शव मलबे से निकाल लिए गए हैं।

प्रशासन और एसडीईआरएफ की टीम मौके पर जेसीबी मशीन की मदद से रेस्क्यू में जुटी है। आशंका जताई जा रही है कि मकान में रखे पटाखों में विस्फोट हुआ है। हालांकि, पुलिस अभी इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं कर रही है। मौके पर पहुंचे एसपी समीर सौरभ ने बताया कि अभी जांच कर रहे हैं। तथ्य सामने आएंगे, तभी कुछ कहा जा सकेगा।

**हादसे में इनकी मौत-** विद्या राठौर (50) पत्नी राकेश राठौर, पूजा राठौर पत्नी सूरज राठौर।

**ये मलबे में दबीं-** वैजयंती कुशवाहा, विमला कुशवाहा।

**सीएसपी बोले- बारूद से ब्लास्ट पर जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा-** एसडीओपी एवं प्रभारी सीएसपी रवि सोनेर ने बताया कि पुलिस प्रशासन और नगर निगम की टीमें रेस्क्यू कर रही हैं। बारूद की वजह से ब्लास्ट होने के बारे में उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही इस बारे में कुछ साफ कहा जा सकेगा।

**जेसीबी की मदद से हटाया जा रहा मलबा-** घटनास्थल से मकानों के मलबे को जेसीबी की मदद से हटाया जा रहा है। इसमें काफी समय लग रहा है। पुलिस के सभी डिविजनों के एसडीओपी मौके पर मौजूद हैं।

**भीड़ को हटाने पुलिस ने हलका बल प्रयोग किया-** मुरैना की राठौर कॉलोनी में हादसे की खबर मिलते ही आसपास से भी लोग पहुंच रहे हैं। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने मामूली बल प्रयोग किया है।

**मकान मालिक बोले-बारूद से हुआ धमाका-** ब्लास्ट में टूटे एक मकान के मालिक वासुदेव राठौर ने मलबे में से निकले सरियों को देखकर बताया कि यह बारूद है। इसी की वजह से धमाका हुआ है। इस दुर्घटना में वासुदेव के बेटे सूरज पत्नी पूजा की मौत हो चुकी है।

**टूटे लेंटर के नीचे दबे मिले थे शव-** दो महिलाओं के शव टूटे लेंटर के नीचे दबे मिले। एक महिला की लाश को रात में ही देख लिया गया था। रेस्क्यू टीम ने जेसीबी की मदद से मलबा हटाकर इन्हें निकाला।

**मौके पर भीड़ जुटी, पुलिस ने की बैरिकेडिंग-**हादसे की खबर फैलते ही मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। इनमें बड़ी संख्या मृतकों के रिश्तेदारों की हैं। आने-जाने वालों को रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेड्स लगा रखे हैं।

**मां-बेटी मलबे में दबीं, रेस्क्यू जारी-** वैजयंती कुशवाहा और उसकी शादीशुदा 45 वर्षीय बेटी विमला कुशवाहा मलबे में दबी हैं। ये मुंशी राठौर के मकान में किराये पर रहती थीं। ताजा अपडेट दे रहे हैं भास्कर संवाददाता रतन मिश्रा...

**मौके पर SDERF की टीम मौजूद-** ब्लास्ट की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। जेसीबी की मदद से मलबा हटाया जा रहा है।

**दो महिलाओं की मौके पर ही मौत-** ब्लास्ट मुंशी राठौर के मकान में हुआ। इस मकान के आसपास बने चार और मकान भी धमाके की चपेट में आए। दो मकानों में मौजूद दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें तुरंत जिला अस्पताल मुरैना ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर कर दिया गया है।

# भेरुजी की मूर्ति हटाई, रहवासियों ने किया चक्काजाम

### रात में हुआ अन्नकूट, सुबह गायब मिली प्रतिमा, फिर से कराई स्थापित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम,(एजेंसी)।** शहर के जावरा फाटक अंडरब्रिज महावीर नगर की तरफ सड़क किनारे भेरुजी के ओटले से मूर्ति हटाने पर रहवासियों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। पुलिस को सूचना देने के 2 घंटे बाद भी जब कोई अधिकारी नहीं पहुंचा तो क्षेत्रवासियों ने हिंदू संगठनों के साथ चक्काजाम कर दिया। बाद में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी पहुंचे और मूर्ति को स्थापित करवाया।

जावरा फाटक से लेकर सेजावता बायपास तक रोड का काम चल रहा है। महावीर नगर की तरफ अंडरब्रिज के पार बाल भेरु जी का स्थान है। कुछ दुकानें पास में स्थित हैं। रविवार रात इस स्थान पर अन्नकूट महोत्सव का भी आयोजन किया गया। सोमवार सुबह क्षेत्र के लोग जब दर्शन के लिए पहुंचे को वहां भेरु की मूर्ति नहीं थी। लोगों ने इसकी सूचना थाने पर दी, लेकिन कोई नहीं आया। हिंदू संगठनों को जानकारी लगी तो वह भी पहुंचे। महावीर नगर की तरफ अंडरब्रिज के एक छोर पर रहवासी सड़क के बीच बैठ गए। सूचना मिलने पर तहसीलदार ऋषभ ठाकुर, डीएसपी अजय सारवान व स्टेशन रोड पुलिस थाने से बल पहुंचा।

अधिकारियों ने जानकारी जुटाई तो पता चला कि क्षेत्र के दिनेश पटेल नामक व्यक्ति ने रात में भेरुजी की मूर्ति हटाकर अपने प्लाट के पीछे ओटला बनाकर स्थापित किया है। लोगों को कहना था कि बिना बताए एक व्यक्ति ने यह काम किया है। तब अधिकारियों ने पुनः संबंधित से मूर्ति को लाकर पुराने स्थान पर स्थापित कराया। रहवासियों की मांग थी कि जिसने रातों रात मूर्ति हटाई है, उस पर कार्रवाई की जाए। दिनेश पटेल से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन नहीं हो पाया। तहसीलदार ऋषभ ठाकुर ने बताया कि दिनेश पटेल नामक व्यक्ति ने भैरव बाबा की मूर्ति को हटाया था। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचकर पुनः मूर्ति को उसी जगह स्थापित कराया है। संबंधित ने माफी मांगी है। पुलिस कार्रवाई की जाएगी।

# चांदी की पालकी में नगर भ्रमण पर निकले राजाधिराज बाबा महाकाल

### अगहन मास की शाही सवारी निकली

**उज्जैन,निप्र।** राजाधिराज की अगहन मास की शाही सवारी सोमवार को धूमधाम से निकली। बाबा महाकाल ने चांदी की पालकी में विराजित होकर भक्तों को दर्शन दिए। मार्ग के दोनों ओर खड़े होकर श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कार्तिक-अगहन मास में निकलने वाली सवारी के क्रम में सोमवार को राजाधिराज महाकाल की शाही सवारी निकली। सवारी को लेकर उल्लास का माहौल था। ठीक सायं 4 बजे मंदिर परिसर में पूजन अर्चन के बाद सवारी मंदिर प्रांगण से बाहर आई जहां राजाधिराज को गार्ड ऑफ आनर दिया गया। सवारी में शस्त्र पुलिस बल,तोपची,भजन मंडली तथा पंडे पुजारी शामिल थे। सवारी अपने परंपरागत मार्ग से रामघाट पहुंची। यहां शिप्रा के जल से बाबा महाकाल का अभिषेक पूजन किया गया। इस दौरान शिप्रा नदी पर श्रद्धालुओं की भीड़ थी। सवारी का स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

# 20% हैं तो पत्थरबाजी, 50 हुए तो उठा ले जाएंगे बेटियां: संभल पर बाबा बागेश्वर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश में इन दिनों 'हिंदू एकता यात्रा' पर निकले बाबा बागेश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने उत्तर प्रदेश के संभल में हुई घटना को लेकर मुसलमानों पर विवादित बयान दिया है। बाबा बागेश्वर ने कहा कि अभी वे 20 फीसदी हैं तो पत्थरबाजी कर रहे हैं, 50 पर्सेंट हो गए तो बेटियों को उठा ले जाएंगे। उन्होंने हिंदुओं से एकजुट होने की अपील की।**



यात्रा के दौरान मीडिया से बातचीत में बाबा बागेश्वर से जब संभल की घटना को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'अभी तो हमारी एकता पर फोकस है। यदि तो हम हिंदुओं को बताना चाहते हैं कि 20 पर्सेंट में वो पत्थरबाजी कर रहे हैं 50 हो जाएंगे तो तुम्हारे घरों की बेटियों को उठा ले जाएंगे।' उन्होंने कहा कि संभल के उपद्रवियों को जेलर के हाथ सौंपने की आवश्यकता है। बाबा ने यह भी कहा कि देश में 100 करोड़ हिंदू हैं, एक करोड़ को सड़क पर आना चाहिए नहीं तो आने वाले समय में वे घरों में कब्जा कर लेंगे।

जाति का भेदभाव मिटाने के उद्देश्य से निकाली जा रही यात्रा के दौरान सोमवार को उन्होंने कहा कि भारत को बांग्लादेश नहीं बनाना चाहते तो तो जात-पात से ऊपर उठ जाओ। बॉलिवुड अभिनेता संजय दत्त भी उनकी यात्रा में शामिल हुए। बाबा बागेश्वर की यह यात्रा 29 नवंबर को पूरी होगी। छतरपुर के अपने आश्रम से वह ओरछा के राम राजा दरबार तक यह यात्रा निकाल रहे हैं। बागेश्वर बाबा की यात्रा में भारी भीड़ उमड़ रही है।



इंदौर के नवागत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय श्रीवास्तव ने पदभार ग्रहण कर लिया। स्टाफ ने उनका स्वागत किया।

# शहर के बाजार हिंदी में चमकेंगे

### दुकानों के साइन बोर्ड एकरूप, रंग और हिंदी अक्षरों में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में अब बाजारों में दुकानों के साइन बोर्ड हिंदी में नजर आएंगे। जयपुर के त्रिपोलिया बाजार की तर्ज पर इंदौर में भी हिंदी में लिखे साइन बोर्ड लगाए जा रहे हैं। इसके लिए नगर निगम ने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इंदौर जिला कोर्ट के बाहर स्थित मार्केट को चुना है। फिलहाल, इस मार्केट में अंग्रेजी के बोर्ड हटाकर हिंदी में दुकानों के नाम वाले साइन बोर्ड लगाना शुरू कर दिया गया है। खास बात यह है कि ये साइन बोर्ड एक ही रंग और एक जैसे हिंदी अक्षरों में बनाए गए हैं। नगर निगम के इस नवाचार को लेकर व्यापारी भी खुश हैं और सहयोग कर रहे हैं। मेयर पुष्यमित्र भार्गव का कहना है कि हिंदी वह माध्यम है, जो लोगों को आपस में जोड़ती है। भारत की राजभाषा हिंदी के प्रति सम्मान बढ़ाने और इसे मजबूत करने के उद्देश्य से यह फैसला लिया गया। इससे इंदौर के बाजार भी एकरूप और आकर्षक दिखाई देंगे। स्वच्छता अभियान के तहत इंदौर में ऐतिहासिक इमारतों को संवारने और दीवारों की रंगाई-पुताई का काम भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में, जयपुर की तर्ज पर अब इंदौर के बाजार भी हिंदी भाषा के रंग में रंगे हुए नजर आएंगे। ये बाजार इंदौर की नई पहचान बनेंगे।

# रणजीत अष्टमी पर प्रभातफेरी का होगा भव्य स्वागत

### श्रद्धालुओं को पोहा व चाय वितरण किया जायेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। प्रतिवर्ष बाबा रणजीत अष्ठमी पर निकलने वाली प्रभातफेरी इस वर्ष 23 दिसंबर सोमवार को भव्य रूप से निकलेंगी



।इस प्रभातफेरी का स्वागत नरेंद्र तिवारी मार्ग पर भव्य मंच लगाकर संस्था 'आदित्य'द्वारा किया जायेगा इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए संस्था क़े संयोजक सचिन नीमा ने बताया की इस वर्ष प्रभातफेरी को लेकर अभी से बाबा क़े भक्तों में अपार उत्साह हैं इसी लिये पूरे मार्ग में सुनियोजित तरह से प्रभातफेरी निकले व ट्राफिक बाधित ना हो इस हेतु भी संस्था के सदस्य पूरे मार्ग पर व्यवस्था बनाने में सहयोग करेंगे व मंच से भक्तों को चाय व पोहा वितरित किया जायेगा ।इस यात्रा में सभी भक्तों को ज्यादा से ज्यादा तादाद में शामिल होने की अपील सर्वश्री अमर गोमे ,विनोद निगम,भरत राठौर,सुरेश जैन,मनीष शिंदे,दीपक चौहान, राहुल गोरानी,कुशाल जैन,प्रवीण मौर्य, रवि खिंची,जितेंद्र जैन,संजय मौर्य, उमेश पांडे,रूपेश वर्मा,जितेंद्र मौर्य, सुरेश वर्मा,दिलीप मौर्य, पुष्पेंद्र मौर्य, आदि ने की है।

# घर बैठे पलक झपकाते ही पेंशनरों की राह आसान

### बिजली कंपनी के पेंशनर फेस एप से दे रहे जीवन प्रमाण-पत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बिजली वितरण कंपनी के बुजुर्ग पेंशनरों को फेस एप से जीवन प्रमाण पत्र प्रदान करने की सुविधा दी है। पिछले डेढ़ माह में करीब 4700 पेंशनरों ने सुविधा का लाभ लिया हैं। उन्हें एप पर पहुंचकर कैमरे के सामने पलक झपकाना होता हैं। तकनीकी रूप से यहीं उनके जीवित होने की पहचान मान ली जाती है। एप से जीवन प्रमाण पत्र संबंधित पेंशन प्रदाता विभाग या निगम मंडल स्वीकार कर लेते हैं, इस तरह वयोवृद्ध पेंशनरों को सुविधा मिल रही है। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने पेंशनरों को जीवन प्रमाण पत्र के लिए फेस एप से जुड़कर स्व प्रमाणीकरण की सुविधा सर्वप्रथम प्रदान की थी। पेंशनर घर बैठे मोबाइल एप के माध्यम से प्रमाणीकरण कर पाएंगे। इससे वयोवृद्ध पेंशनरों एवं विदेश में रह रहे पेंशनरों को विशेष तौर पर मदद मिलेगी।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि कंपनी क्षेत्र में करीब पंद्रह हजार पेंशनर है। अब तक करीब साढ़े तरह हजार ने जीवन प्रमाण पत्र की कार्रवाई पूर्ण कर अगले एक वर्ष तक पेंशन पाने की पात्रता ली है। इन पेंशनरों में सबसे ज्यादा फेस एप से जुड़ने वाले पेंशनर शामिल हैं, इनकी संख्या 4700 हैं। अंगुली के निशान से पहचाने देने वाले पेंशनरों की संख्या 4560 और रेटिना से संबंधित पहचान कैमरे के समक्ष दर्ज कराने वालों की संख्या करीब 4200 हैं। प्रबंध निदेशक ने बताया कि फेस एप से जुड़ने के लिए स्मार्ट फोन पर फेस एप डाउनलोड करना होता हैं, आधार नंबर, मोबाइल नंबर और पेंशनर नंबर अनिवार्य दर्ज करना होता है। एप से पेंशनर प्रमाणीकरण के दौरान ओटीपी प्राप्त होता है। इसके बाद फेस स्कैन के लिए कैमरा ऑन करना , फिर । इस दौरान आंखों को झपकाना अनिवार्य है। इस प्रक्रिया के बाद फेस एप से जीवित होने का प्रमाणीकरण का तकनीकी दौर पूरा हो जाता है। तत्काल ही एप के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र जनरेट हो जाता है। इस प्रमाण पत्र को पेंशनर, बिजली कंपनी के पेंशन प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी देख सकते हैं। इसे डाउनलोड कर पेंशनर के अन्य उपयोग में भी लाया जा सकता है। प्रबंध निदेशक ने बताया कि समय पर पेंशन के लिए मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रकाश सिंह चौहान एवं संयुक्त सचिव श्री संजय मालवीय एवं अन्य ने प्रशंसनीय कार्य किया है, ताकि वयोवृद्ध पेंशनरों, विशेष कर दूरस्थ क्षेत्रों में रह रहे पेंशनरों को घर बैठे सुविधा मिले।

## संजय सेतु पर मल्टीपर्पज पार्किंग का प्रस्ताव

**इंदौर**। संजय सेतु पर एक अनूठे मल्टीपर्पज पार्किंग मॉडल का प्रस्ताव सामने आया है। यह शहर की विभिन्न जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इस मॉडल के तहत सुबह योग के लिए स्थान, दिन में पार्किंग की सुविधा और रात में फूड स्ट्रीट का उपयोग किया जाएगा। सोमवार को इस प्रस्ताव को लेकर सिटी प्लानर विकास जैन और कुछ जागरूक नागरिक कलेक्टर आशीष सिंह से मिले और इस योजना पर चर्चा की। उनका कहना था कि यह मॉडल न केवल ट्रैफिक समस्या का समाधान करेगा, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य और मनोरंजन के लिए भी उपयोगी होगा। कलेक्टर आशीष सिंह ने इस प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे इस पर गहराई से विचार करेंगे। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि इस योजना को लागू करने से पहले विस्तृत कार्य योजना और संभावित चुनौतियों पर विचार किया जाना चाहिए। संजय सेतु पर इस तरह की मल्टीपर्पज पार्किंग के निर्माण से इंदौर को एक नई पहचान मिल सकती है। यह शहर की स्मार्ट सिटी योजना में भी योगदान दे सकता है।

## कटाक्ष




### इंदौर से प्रारंभ हुआ ये महायज्ञ पूरे भारत को सुदृढ़ मजबूत व नए कलेवर में लाने का प्रयास हैं

# ये मातृत्व सम्मान समारोह गर्भ से ही वीर महापुरुषों का जन्म हो उसी के लिये एक छोटा सा प्रयास है : पंडित योगेंद्र महंत

### इंदौर के बाद महू में भी हुई महिलाओं की कार्यशाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर स्वच्छता के साथ कई मामलों में आदर्श बना हुआ है पुरातन संस्कृति गर्भधारण संस्कार के बारे में जो दिव्य प्रकल्प हमें हमारे पुरखों ने दिया है उसको नई पीढ़ी के सामने सुव्यवस्थित रखकर हम आदर्श संतान प्रकल्प में भी आगे हो सकते हैं, गर्भ संस्कार से सुदृढ़ और सशक्त संतान के निर्माण मे हम इंदौर शहर एवं वर्तमान समय में आ रही विकृतियों को दूर कर सकेंगे। संस्कारवान नई पीढ़ी के लिए कृत संकल्पित होंगे।





यह संकल्प लालबाग में पांच दिवसीय आध्यात्मिक समागम में 1 दिसंबर को गर्भ संस्कार एवं मातृत्व सम्मान समारोह कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को माई मंगेशकर सभागृह में कार्यक्रम संयोजक पं योगेंद्र महंत ने दिलाया। इस आयोजन में 1000 से ज्यादा मातृशक्ति, प्रबुद्ध जन एवं स्वयंसेवी संगठनो के सदस्य मौजूद थे, संख्या इतनी

ज्यादा थी कि हाल के बाहर भी बड़ी संख्या में लोग इस कार्यक्रम की सहभागिता के लिए पहुंचे और लंबे समय तक कार्यक्रम की गंभीर चर्चाओं को सुना। लालबाग में हो रहे 28 से 2 दिसंबर तक पांच दिवसीय मेले के चौथे दिन 1 दिसंबर को गर्भ संस्कार, मातृत्व सम्मान समारोह एवं दिव्य संतान प्रकल्प कार्यक्रम में 5000 गर्भवती और 21000 महिलाओं का समागम रहेगा, इसके लिए जिला ब्लॉक और पंचायत स्तर तक बैठकों का दौर जारी है।इंदौर शहर के मध्य में माई मंगेशकर सभागृह में बड़ी संख्या में आयोजन को सफल बनाने एवं इस पुनीत प्रकल्प में ज्यादा से ज्यादा लाभ गर्भवती महिलाओं एवं समाज हर वर्ग को इसकी जानकारी मिले इसके लिए कार्यशाला रखी गईथी। कार्यशाला में डॉ. अनिल गर्ग, डॉ जगदीश जोशी, वरिष्ठ समाजसेवी चंद्र मोहन दुबे आदि ने विस्तार से गर्भ संस्कार और इससे जुड़ी बातों को सभी के बीच रखा कार्यक्रम का संचालन अर्पणा जोशी ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ रजनी पांडे, ज्योति त्रिवेदी सुरेश पाठक बीके शर्मा अशोक चतुर्वेदी विनीत त्रिवेदी अजय तिवारी आदि प्रमुख रूप से व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने में सहभागिता कर रहे थे।

# डायल-100 के 9 साल पूरे, श्रेष्ठ कार्य करने वाले सम्मानित

### अधिकारियों-कर्मचारियों को एडिशनल कमिश्नर ने किया पुरस्कृत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अपराध पर नियंत्रण और आमजनों की सहायता के लिए 9 साल पहले डायल 100 योजना शुरू की गई थी। योजना के सोमवार 25 नवंबर को 9 साल पूरे होने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को एडिशनल कमिश्नर अमितसिंह ने पुरस्कृत किया।**



कार्यक्रम में डायल-100 के नोडल अधिकारी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (सुरक्षा) प्रमोद सोनकर, उप पुलिस अधीक्षक (रेडियो) राजिंदर सिंह वर्मा, प्रभारी निरीक्षक (रेडियो) दुर्गा गर्ग, योगेश श्रीवास्तव, प्रशांत चौधरी उपस्थित थे। इस अवसर पर एडिशनल कमिश्नर ने कहा कि डायल-100 सेवा पुलिस की कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण अंग है। इसे जितना बेहतर करेंगे उतनी ही पुलिसिंग बेहतर होगी और आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण होगा। सभी ने अच्छा काम किया है।

# लूट की नीयत से घुमते दो कुख्यात बदमाश धराए

### पिस्टल, जिंदा राउंड और छुरा जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लूट की नीयत से घुम रहे दो कुख्यात बदमाशों को पिस्टल, जिंदा राउंड और छुरा के साथ गिरफ्तार किया है। बदमाशों पर हत्या, डकैती, नकबजनी जैसे कई केस दर्ज हैं। गिरफ्तार दोनों बदमाशों को कड़ा सबक सिखाते हुए पुलिस ने जुलूस निकाला। बढ़ते अपराधों को रोकने पुलिस लगातार वाहनों की चेकिंग के बाद बदमाशों की धरपकड़ में लगी हुई है। इसी क्रम में पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली की महालक्ष्मी नगर और देवास नाका के आसपास दो बदमाश लूट के इरादे से घातक हथियार लेकर घुम रहे हैं। पुलिस की टीम अलग-अलग क्षेत्रों में बदमाशों को पकडऩे रवाना की गई। महालक्ष्मी नगर से बदमाश अनिकेत उर्फ छोटू पिता प्रेमराज बरवेले निवासी कैलाश का भट्टा अंजनी नगर भमोरी को पकड़ा। उसके पास से देशी पिस्टल व दो जिंदा राउंड बरामद। दूसरे बदमाश देवेन्द्र उर्फ डैनी पिता हरीश टोनेरे निवासी संजय गांधी नगर अनूप टॉकिज के पीछे को छुरे के साथ पकड़ा। बदमाशों से अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

# लोन लेने के चक्कर में ठगाया व्यापारी

### ठगोरों ने प्रोसेसिंग फीस और जीएसटी के नाम से ऐंठे हजारों रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक व्यापारी के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। व्यापारी ने बजाज फाइनेंस से लोन के लिए आवेदन किया था, लेकिन बदमाशों ने प्रोसेसिंग फीस और जीएसटी के नाम पर उनसे हजारों रुपये ठग लिए। ठगी का पता चलने पर व्यापारी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

मामला राऊ थाना क्षेत्र का है। यहां रहने वाले शुभम मंडलोई, जो एग्रीकल्चर मशीन मैन्युफैक्चरिंग का काम करते हैं, इस ठगी के शिकार हुए। शुभम के पिता निलेश मंडलोई पहले से ही बजाज फाइनेंस से लोन ले चुके थे। अतिरिक्त जरूरत पडऩे पर शुभम ने एक लाख रुपये के लोन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया। एडीसीपी जोन-1 आलोक शर्मा ने बताया कि आवेदन के बाद एक अज्ञात नंबर से शुभम को कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को बजाज फाइनेंस का कर्मचारी बताया और प्रोसेसिंग फीस के नाम पर 2,550 रुपये एक खाते में ट्रांसफर करने को कहा।

#### व्हाट्सऐप कॉल से मांगे गए पैसे

कुछ देर बाद शुभम को एक और अज्ञात नंबर से व्हाट्सऐप कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को कंपनी का अधिकारी बताया और टीडीएस के नाम पर 8,999 रुपये की मांग की। उसने कहा कि रकम ट्रांसफर करने पर लोन तत्काल स्वीकृत हो जाएगा। बदमाश की बातों में आकर व्यापारी ने क्यूआर कोड के जरिए रुपये ट्रांसफर कर दिए।

#### तीसरी बार 17 हजार की मांग पर हुआ शक

रुपये ट्रांसफर करने के कुछ समय बाद तीसरी बार कॉल आई। इस बार बदमाश ने टीडीएस के नाम पर 17 हजार रुपये मांगे। तब व्यापारी को ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने पैसे ट्रांसफर करने से इनकार कर दिया। इसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस में की। एडीसीपी आलोक शर्मा ने बताया कि ठगी करने वाले के खाते को सीज कर दिया गया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# रंगेहाथ पकड़ाए दो लुटेरे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मोबाइल और पैसे छीनकर भाग रहे दो लुटेरों को राहगीरों की मदद से पकड़ लिया। भंवरकुआं थाने में फरियादी सुनील पिता नाथूलाल राठौर निवासी तेजाजी चौक पालदा ने बताया कि वह तीन इमली पालदा से कर्णावत होटल पर खाना खाने पैदल जा रहा था। तभी आरोपियों मोहसिन उर्फ अफजल पिता राशिद खान निवासी अंसारी बाग कॉलोनी पालदा और साहिल उर्फ पंडित पिता दीपक ने रास्ते में रोका और मोबाइल, नकदी 500 रुपए छीनकर भागने लगे। फरियादी ने शोर मचाया तो राहगीरों ने पकडक़र बदमाशों को पुलिस को सौंप दिया।

# नाबालिग ने दौड़ाया ईंट से भरा ट्रक

### कार को मारी टक्कर, गिरफ्तार किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भट्टे मालिक की नजर बचाकर नाबालिग ईंट से भरा ट्रक चलाने की नीयत से ले गया। ट्रक की गति अधिक होने से उसने सामने से आ रही कार को टक्कर मार दी। बमुश्किल राहगीरों ने ट्रक को रोका और नाबालिग को हीरा नगर पुलिस को सौंपा। घटना शनिवार 23 नवंबर की है।

पुलिस के अनुसार, एमआर 10 के आगे ग्राम भानगढ़ में ईंट के भट्टे हैं। यहां बाहरी जिलों के गरीब तबके के महिला पुरुष काम करते हैं। इन मजदूरों के साथ कई नाबालिग बच्चे भी रहते हैं। भानगढ़ में रहने वाले मजदूर का नाबालिग बेटा एमआर-10 चौराहे पर ट्रक क्रमांक एमपी 13 जीबी-6309 को चलाकर ले आया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, नाबालिग जिस भट्टे के जिस ट्रक को दौड़ा रहा था, उसकी स्पीड बहुत तेज थी। उसने सामने से आ रही कार क्रमांक एमपी 09 सीएस 0610 को जोरदार टक्कर भी मारी, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई। यह कार किसी एमजी रोड निवासी भरत भारद्वाज की बताई जा रही है। नाबालिग बच्चे से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# होटल-ढाबों से पकड़ी लाखों की शराब

### आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, मचा हड़कंप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अवैध शराब की खरीद फरोख्त पर रोक लगाने आबकारी विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। सप्ताह के अंतिम दिनों में विभागीय अमले ने जिले के कई ढाबों और होटलों पर औचक छापामारी की। विभाग की इस अचानक कार्रवाई से कारोबारियों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान लाखों की शराब, महुआ लहान जब्त किया है। दो दिन चली मुहिम में कुल 123 स्थानों की तलाशी के बाद 140 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे ने बताया कि अवैध शराब बिक्री को लेकर जीरो टालरेंस की तर्ज पर काम कर रहे हैं। अमले ने 23 और 24 नवंबर को बाल्याखेड़ी कांकड़, सोलसिंदा, धरमपुरी, गारी पिपलिया, तोड़ी, बरौली, अलवासा, पंचडेरिया,



भंवरकुआ, ट्रांसपोर्ट नगर, खातीवाला टैंक, खंडवा नाका, नरलाई, सिंधी कॉलोनी, दिलीप नगर, सिंहासा, आडा पहाड़, फुट तालाब, रिंगरोड ढाबा, रंगवासा राऊ, टिगरिया, काछी मोहल्ला, एमआर 10, बेटमा, शंकरपुरा, भूरी टेकरी, गिल ढाबा, एसके 11 ढाबा, एमएस जम्मू कश्मीर ढाबा पर छापेमारी की थी। यहां से 128 बल्क लीटर देशी मदिरा, 51 बल्क लीटर विदेशी मदिरा (स्प्रिट और माल्ट), 300 लीटर हाथ भट्ठी मदिरा तथा 1500 किग्रा महुआ लहान(कीमत 2 लाख 85 हजार रुपए) जब्त किया। इन अभियानों के माध्यम से यह स्पष्ट है कि अवैध रूप से मदिरा बेचने या संग्रह करने वाले अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। विभाग का यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा, जिससे क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हो सके।

# महिला की मौत में ससुराल वाले फंसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** नवविवाहिता द्वारा फांसी लगाकर की गई आत्महत्या के मामले में पुलिस ने ससुराल वालों पर केस दर्ज किया है। बताया जाता है कि महिला को प्रताडित किया जा रहा था। बेटमा पुलिस जांच के बाद उसके पति सहित सास ससुर व ननद के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार मृतिका ज्योति ने एक सप्ताह पहले ग्राम राजपुरा में घर में ही फांसी लगाकर अपनी जान दे दी थी। उसके परिवार वालों ने आरोप लगाया जिसके बाद पति रवि सहित ससुर देवकरण सास तुलसीबाई और ननद टीना के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी शादी के बाद से ही उसे दहेज और अन्य दूसरी बातों को लेकर यातनाएं दे रहे थे। आए दिन उससे मारपीट की जाती थी इससे वह परेशान थी।

# कॉलेज की बाउंड्री तोड़ परिसर में घुसी कार

### बाइक चालक को बचाने के दौरान हादसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** महू मानपुर रोड पर आने वाले डोंगरगांव में स्थित शासकीय भेरूलाल पाटीदार कॉलेज की बाउंड्री वॉल तोड़ कर एक कार परिसर में जा घुसी। घटना सोमवार दोपहर 2.30 बजे करीब की है। यहां मौजूद लोगों ने बताया कार बाउंड्री वॉल में घुसते ही तेज आवाज आई मौके पर कॉलेज के विद्यार्थी और शिक्षक मौके पर पहुंचे तो देखा कार आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। वही कार के एयर ब्रेक भी खुल गए थे। फिलहाल घटना में किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। गनीमत यह भी रही जिस समय हादसा हुआ उस समय बाउंड्री वॉल के पीछे कोई मौजूद नहीं था। कार चालक के अनुसार सामने से तेज रफ्तार बाइक सवार आ रहा था, जिसे बचाने के चक्कर में यह घटना हुई हैं।



# सब्जी बेचने वालों में विवाद

**इंदौर।** सब्जी वालों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया, जिसमें एक ने दूसरे को सिर में बाट मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। चंदननगर थाने में हरिराम अहिरवार निवासी हरि ओम नगर की शिकायत पर ध्रुव खटीक निवासी गंगानगर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। हरिराम ने पुलिस को बताया कि रामकृष्ण बाग धार रोड पर वह सब्जी का ठेला लगाकर खड़ा था । ध्रुव ने भी वहीं पर ठेला लगा रखा था और माइक से सब्जी बेचने के लिए अनाउंसमेंट कर रहा था। जिससे बहुत ज्यादा आवाज हो रही थी । तभी वहां पर चंदन नगर थाने के पुलिसकर्मी आए उन्होंने हरिराम से कहा कि ध्रुव को बोल देना कि माइक की आवाज कुछ कम कर ले। हरिराम ने ध्रुव को आवाज कम करने को कहा इसी बात को लेकर ध्रुव नाराज हो गया और कहने लगा कि तू कौन होता है आवाज कम करने का कहने वाला और गालियां देने लगा । इसके बाद ठेले से बाट उठाकर हरिराम के सिर में दे मारा। इसी तरह ध्रुव की शिकायत पर हरिराम के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया गया है ध्रुव ने आरोप लगाया कि हरिराम ने उसे डंडे से मारा है।

# बीमार मां को देखकर लौट रहे तीन दोस्तों की मौत

## जीप ने बाइक को पीछे से टक्कर मारी; इज्तिमा में श्रमदान करने आए थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल,(एजेंसी)। भोपाल की नई मंडी के पास स्थित ब्रिज के करीब 80 फीट रोड पर तेज रफ्तार थार जीप ने बाइक सवार तीन दोस्तों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों की मौत हो गई। मृतकों में एक युवक की मां बीमार हैं। उन्हें देखने के बाद तीनों ऐशबाग के लिए रवाना हुए थे। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। तीनों के शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिए गए हैं।**

छोला मंदिर पुलिस के मुताबिक, अलफैज पुत्र मोहम्मद वसीम (20) निवासी अहमद अली कॉलोनी एशबाग गली नंबर-2, समीर पुत्र हनीफ खान (19) गली नंबर 4 अहमद अली कॉलोनी ऐशबाग और समीर पुत्र नजाकत (18) मूल रूप से लटेरी जिला विदिशा का रहने वाला था। फिलहाल अहमद अली कॉलोनी ऐशबाग में दोस्त के साथ रह रहा था। उसका परिवार करोंद में रहता है।

तीनों दोस्त माय किचन नाम की कंपनी में कारपेंटरी का काम करते थे। न्यू मार्केट में उनकी साइट चल रही है। करोंद से समीर पुत्र नजाकत अली को दूर पड़ती थी। पिछले चार महीन से वह दोस्त समीर के घर के करीब किराए से रहने लगा था।

### तीनों दोस्त ईटखेड़ी गए थे

ईटखेड़ी में होने वाले इज्तिमा में तीनों दोस्त श्रमदान की नीयत से गए थे। यहां से शाम को लौटे तो समीर पुत्र नजाकत अली अपने परिवार से मिलने करोंद चला गया। यहां पिता नहीं थे मां और भाई बहनों से मिलने के बाद वह ऐशबाग के लिए दोस्त समीर और अलफैज के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर रवाना हुआ। दरअसल समीर नजाकत की मां इन दिनों बीमार चल रही हैं। नई मंडी के पास स्थित ब्रिज के करीब 80 फीट रोड पर ओवरटेक करते समय एक जीप ने उनके वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अलफैज की मौके पर मौत हो गई। घटना रविवार रात करीब 11:30 बजे की है। दोनों समीर को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया था। जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने चंद मिनटों के भीतर ही दोनों को एक-एक कर मृत घोषित कर दिया।

# सनातन हिंदू एकता पदयात्रा में खली और खलनायक शामिल

## खली ने चोटी पकड़कर साधु को एक हाथ से उठाया

**छतरपुर,(एजेंसी)।** पंडित धीरेंद्र शास्त्री की सनातन हिंदू एकता पदयात्रा में सोमवार को खली और खलनायक दोनों शामिल हुए। यात्रा 5वें दिन उत्तरप्रदेश पहुंची। यहां द ग्रेट खली ने यात्रा में शामिल साधु को चोटी पकड़कर एक हाथ से उठा लिया। उन्होंने कहा- पहले सनातन, फिर जात-पात।

बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त ने पंडित धीरेंद्र शास्त्री को अपना छोटा भाई बताया। उन्होंने कहा कि ये मुझे कह दें कि संजू बाबा मेरे साथ ऊपर चले चलो तो मैं चला जाऊंगा। मैं हमेशा गुरुजी के साथ हूं।

वहीं, पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा- जब मैं खुद को असुरक्षित महसूस करता हूं तो संजू बाबा को याद कर लेता हूं और सुरक्षित हो जाता हूं। संजय दत्त यात्रा में धीरेंद्र शास्त्री के साथ ध्वज पकड़कर 2 किलोमीटर चले।

सनातन हिंदू पदयात्रा देवरी रेस्ट हाउस से सुबह 10 बजे शुरू हुई। यात्रा 22 किमी का सफर तय कर रात में उत्तर प्रदेश के ग्रामोदय मऊरानीपुर पहुंचेगी। यहां रात्रि विश्राम किया जाएगा। यह यात्रा 21 नवंबर को बागेश्वर धाम से शुरू हुई थी।9 दिन की यात्रा के बाद 29 तारीख को ओरछा धाम में समाप्त होगी। यात्रा में महाराज के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालु चल रहे हैं।

यात्रा में शामिल होने आए खली को पंडित धीरेंद्र शास्त्री के साथ चल रहे एक साधु ने उनकी चोटी पकड़कर उठाने को कहा। खली ने पूछा- सही में उठा लूं। साधु ने कहा उठाइए। इस पर खली ने चोटी पकड़कर एक साथ से साधु को उठा लिया। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने भी ताली बजाते हुए खली से बात की। खली ने दिल्ली से आए अपने दोस्त का परिचय करवाते हुए कहा कि इनकी आपसे मिलने की काफी इच्छा थी। पंडित शास्त्री ने उन्हें आशीर्वाद दिया।

यात्रा में मप्र शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक संजय पाठक, छिंदवाड़ा सांसद बंटी साहू, मऊरानीपुर विधायक, झांसी सांसद अनुराग शर्मा, मंत्री रामेश्वर शर्मा।

## बघेली एक्ट्रेस अन्नपूर्णा का सड़क पर विवाद

# कार से सब्जी का ठेला टकराने पर आया गुस्सा डराया, धमकाया, कैमरा छिनने की कोशिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना,(एजेंसी)। मैहर में बघेली एक्ट्रेस अन्नपूर्णा द्विवेदी का सब्जी वाले के साथ विवाद का वीडियो सामने आया है। विवाद के दौरान एक्टर अन्नपूर्णा और उनके परिवार ने डराया, धमकाया और कैमरा छिनने की भी कोशिश की।**

जानकारी के अनुसार मैहर जिले के अमरपाटन में सतना चौराहा पर एक्टर अन्नपूर्णा की कार सब्जी वाले के ठेले से टकरा गई थी। इसके बाद अन्नपूर्णा और सब्जी वाले में बहस हो गई। बहस के दौरान लोग जब वीडियो बनाने लगे तो उनकी उन लोगों से भी बहस हो गई। इस दौरान अन्नपूर्णा और उनके परिजनों ने लोगों को डराया, धमकाया और वीडियो बना रहे एक युवक का कैमरा छिनने का भी प्रयास किया। इस हंगामे के बाद दोनों ही पक्षों ने पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। अमरपाटन टीआई केपी त्रिपाठी का कहना है कि घटना के बारे में सुना जरूर है, लेकिन थाने में कोई शिकायत नहीं आई है। वीडियो मे भी ऐसा कोई आपराधिक घटनाक्रम दिखाई नहीं पड़ा है। अगर कोई पक्ष शिकायत लेकर आता है तो जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



### परिवार के साथ मैहर से रीवा जा रही थीं एक्टर अन्नपूर्णा

जानकारी के मुताबिक रीवा की बघेली एक्टर अन्नपूर्णा द्विवेदी और उनके परिजन सोमवार को मैहर से रीवा जा रही थीं। इसी दौरान सतना चौराहे पर एक नाबालिग के सब्जी के ठेले से उनकी बिना नंबर की कार टकरा गई। टक्कर लगते ही नाराज होकर अन्नपूर्णा और उनके साथ जा रहे परिजन कार से उतर कर नाबालिग को डराने - धमकाने और दबाव बनाने लगे। हंगामे को देख वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई और लोग वीडियो बनाने लगे। यह देख बघेली एक्ट्रेस का गुस्सा और भड़क उठा और वो वीडियो बनाने वालों से उलझने जा पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने एक मीडिया कर्मी से भी नोकझोंक शुरू कर दी। परिजन भी मीडिया कर्मी से उलझ गए। बात बढ़ते देख और श्कऊएड बनते देख एक्ट्रेस अन्नपूर्णा गाड़ी में जा बैठीं। इसके बाद भी एक्टर के परिजन लोगों से बहस करते रहे।

### हंगामे के दौरान अमरपाटन पुलिस भी थी मौजूद

सतना चौराहा पर जब हंगामा चल रहा था, उस समय अमरपाटन के पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। हंगामा होने के बाद भी उन्होंने कोई एक्शन नहीं लिया और न ही समझाने का प्रयास किया। 15-20 मिनट तक चली बहस के बाद एक्टर अन्नपूर्णा परिवार के साथ रवाना हो गईं।सतना चौराहा पर चल रहे हंगामे का वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। लोगों का कहना है कि एक्ट्रेस जबरदस्त एटीट्यूड दिखा रहीं थी। साथ ही सरेआम अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। अपनी हरकतों को कैमरे में रिकार्ड होता देख भड़क कर कैमरा पकड़ने भी जा पहुंचीं थी। जब बात नहीं बनी तो वह कार में बैठ गई थीं।

# टपकती छत-आग के बाद अब वंदे भारत की स्प्रिंग टूटी

## ह.निजामुद्दीन ट्रेन 10 घंटे लेट, नाराज यात्री पटरियों पर बैठे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, (एजेंसी)। रानी कमलापति-ह.निजामुद्दीन वंदे भारत ट्रेन की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। यात्रियों को होने वाली असुविधा को लेकर इस ट्रेन में नए-नए मामले सामने आ रहे हैं।**

ताजा मामला कोच की स्प्रिंग टूटने के कारण ट्रेन के पिछले 10 घंटे से रानी कमलापति स्टेशन पर खड़े होना का है। रविवार को जब ट्रेन हजरत निजामुद्दीन से रात 10.16 बजे वापस लौटी तो कोच नंबर सी-11 की स्प्रिंग टूटी होने की जानकारी मिली थी। जिसके बाद करीब 17 घंटे से रानी कमलापति स्थित यार्ड में इसका मेंटेनेंस किया गया। जिसके बाद शाम 4:28 मिनट पर यह ट्रेन हजरत निजामउद्दीन के लिए रवाना हुई। दूसरी तरफ दिन भर रानी कमलापति स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन लेट होने के बाद नाराज रेल यात्री जहां एक तरफ लगातार रेलवे अधिकारियों के साथ गहमा गहमी चलती रही, तो कुछ यात्री अब रानी कमलापति स्टेशन के प्लेटफॉर्म नबंर 1 की पटरियों पर जाकर बैठ गए हैं। नाराज यात्रियों का कहना है कि रेलवे द्वारा कुछ भी हमें नहीं बताया जा रहा है कि ट्रेन आएगी भी या नहीं। लगातार इनको आरपीएफ उठाने का प्रयास करती दिखाई दी।

दूसरी तरफ कुछ यात्रियों ने शताब्दी एक्सप्रेस में चढ़ने का प्रयास किया, जिसको लेकर आरपीएफ जवानों द्वारा यात्रियों को बलपूर्वक उतार दिया गया। दूसरी तरफ मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने बताया की ट्रेन की तकनीकी दिक्कत को दूर कर लिया गया है। ट्रेन भोपाल से शताब्दी के बाद रवाना की जाएगी। यह ट्रेन जल्द रवाना हो सकती है। इसके लिए हम स्टेशन पर अनाउंसमेंट भी करवा रहे हैं।

### सूचना नहीं देने पर यात्री हुए नाराज

यात्रियों के अनुसार रेलवे द्वारा उन्हें किसी प्रकार की सूचना नहीं दी जा रही है कि ट्रेन कितने बजे चलेगी। चलेगी भी या नहीं? जिसको लेकर नाराज यात्रियों ने रानी कमलापति स्टेशन पर सुबह करीब 11 बजे अधिकारियों के रूम में हंगामा भी किया। यह हंगामा लगातार जारी है। भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि ऐसी स्थिति में यात्री टीडीआर फाइल कर पूरा रिफंड ले सकते हैं।

### मैसेज के चलते यात्री हो रहे है परेशान

वंदे भारत में सफर करने वाले यात्रियों ने बताया कि रात करीब 3 बजे उनको रेलवे द्वारा मैसेज किया गया। जिसमें बताया गया की ट्रेन करीब 5 घंटे लेट यानी 10 बजे सुबह चलेगी। जब यात्री 9:45 बजे स्टेशन पहुंचे तो 9:52 पर उन्हें एक और मैसेज दिया गया की ट्रेन अभी आगे भी लेट हो सकती है। इसके बाद यात्रियों ने स्टेशन पर मौजूद अधिकारियों के सामने अपनी बात रखी और कई यात्रियों ने हंगामा भी किया। गाड़ी संख्या 20171 रानी कमलापति हजरत निमामउद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह 5:40 बजे रानी कमला पति स्टेशन से रवाना होकर दोपहर 1:16 बजे हजरत निजामउद्दीन स्टेशन पहुंचती है। जिसके बाद यह ट्रेन 2:40 बजे हजरत निजामउद्दीन से चलकर रानी कमलापति स्टेशन के लिए निकलती है।

# हाथियों के डर से 7 गांवों के स्कूलों की छुट्टी, छत्तीसगढ़ से आया झुंड

## डिंडौरी में 4 दिन नहीं खुलेंगे स्कूल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**डिंडौरी,(एजेंसी)।** हाथियों की मौजूदगी और टाइगर की लोकेशन ट्रैप होने के बाद बच्चों ने स्कूल जाना बंद कर दिया है। डिंडौरी में पश्चिम करंजिया वन परिक्षेत्र के ठाडपथरा गांव के जंगल में पिछले एक हफ्ते से टाइगर और हाथियों के चलते ग्रामीण दहशत में हैं। हालात इतने गंभीर हैं कि छात्र-छात्राओं ने स्कूल जाना बंद कर दिया है। इसे देखते हुए 25 से 29 नवंबर तक चार दिन के लिए आसपास के 7 स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। छुट्टी का आदेश रविवार शाम को जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त ने बीआरसी और बीईओ की रिपोर्ट के आधार पर जारी किया है।

वन विभाग के एसडीओ एसके जाटव ने बताया कि पिछले हफ्ते छत्तीसगढ़ के जंगलों से चार हाथियों का एक दल ठाडपथरा गांव पहुंचा था। पहले उन्होंने ग्रामीणों के घर और फसलों को नुकसान पहुंचाया और फिर वापस चले गए। हालांकि, उनकी गतिविधियां फिर दिखने लगी हैं। अब हाथी केवल फसलें खा रहे हैं।

इसी दौरान, टाइगर की भी लोकेशन भी ट्रैप कैमरे में कैद हुई है। वन विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है। ग्रामीणों को बिना काम जंगल में न जाने की अपील की गई है। वन विभाग ने मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क रहने की भी सलाह दी है। वहीं, करंजिया विकासखंड के बीआरसी अजय राय ने बताया कि छत्तीसगढ़ सीमा से सटे गांवों के बच्चों को स्कूल जाने के लिए जंगल पार करना पड़ता है।

# संपादकीय

## जलवायु संकट और वैश्विक तापमान बढ़ाने में आगे रहे

इसमें कोई दो राय नहीं कि जलवायु संकट आज विश्व भर में सभी देशों की चिंता में सबसे ऊपर है और इसके खतरे को कम करने या इससे पूरी तरह निपटने के लिए सभी देशों को अपनी ईमानदार इच्छाशक्ति जाहिर करनी होगी। मगर इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि दिनोंदिन गहराते जा रहे इस संकट और इसके प्रभाव पर सभी देश विमर्श तो करते हैं, मगर इससे पार पाने के उपायों को लेकर वही देश अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं, जिनकी भूमिका इस मुश्किल को बढ़ाने में ज्यादा रही है। विकसित देशों का यह रुख अपने आप में परेशान करने वाला है कि वे पृथ्वी के जलवायु पर बढ़ते संकट के सवाल पर हर बार दोहरा रवैया अपनाते हैं और इस मसले पर होने वाली तमाम बैठकों का हासिल अपने किसी मकसद तक नहीं पहुंच पाता। इस बार अजरबैजान के बाकू में भी सीओपी-29 की बैठक में उम्मीद जरूर की गई थी कि शायद ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन की वजह से बढ़ते वैश्विक तापमान और उससे निपटने के उपायों को जमीन पर उतारने को लेकर विकसित देश वास्तव में कुछ ठोस पहल करेंगे। मगर यह अफसोस की बात है कि इस विश्वव्यापी संकट के सवाल पर विकसित देशों को अपनी सुविधा कायम रखना ज्यादा अहम लगता है। गौरतलब है कि बाकू में संपन्न हुए जलवायु शिखर सम्मेलन में समृद्ध देशों ने जलवायु वित्त पोषण के रूप में हर वर्ष तीन सौ अरब डालर की सहायता देने पर समझौता किया, वह भी सन 2035 से। जबकि विकासशील देशों की मांग तेरह सौ अरब डालर की थी। यानी एक तरह से विकासशील देशों की मांगों को अनसुना कर दिया गया। विकसित देशों के रुख और सहायता राशि में इतने बड़े अंतर पर विकासशील देशों के बीच गहरी निराशा पैदा हुई और इस पर मतभेद उभरना स्वाभाविक था। भारत की ओर से यह साफ तौर पर कहा गया कि वह इस प्रस्ताव को वर्तमान स्वरूप में स्वीकार नहीं करता है, क्योंकि प्रस्तावित राशि बहुत ही कम है और यह हमारे देश के अस्तित्व के लिए जरूरी जलवायु कार्रवाई को असंभव बनाएगी। भारत ने समझौते को अपनाने के तरीके को भी आपत्तिजनक और 'पूर्व नियोजित' बताया। समस्या के स्वरूप और उससे निपटने के उपायों के मद्देनजर भारत की आपत्ति को विकासशील देशों का समर्थन मिला, वहीं विकसित देशों के बीच एक विचित्र चुप्पी देखी गई। यह सही है कि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन की वजह से वैश्विक तापमान में इजाफा हो रहा है और इसमें सबसे ज्यादा बड़ी भूमिका दुनिया के समृद्ध या विकसित देश ही निभाते हैं। दूसरी ओर, 'ग्लोबल साउथ' के देशों की भूमिका में इसमें अपेक्षया कम है और विकास की निरंतरता को कायम रखने के लिए उनकी कुछ व्यावहारिक जरूरतें हैं। इसी के मद्देनजर विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से उपजने वाले संकट से पार पाने में मदद के लिए विकसित देशों का वित्तीय और तकनीकी संसाधन जुटाने का दायित्व है। इसी जिम्मेदारी के तहत विकसित देशों ने सन 2020 से हर वर्ष सौ अरब डालर जुटाने की पेशकश की थी। वह दावा कितना पूरा हुआ, यह सभी जानते हैं। मगर वक्त और जरूरत के मुताबिक तेरह सौ अरब डालर की मांग को सिर्फ तीन सौ अरब डालर तक समेट देने का औचित्य समझ से परे है। सवाल है कि अगर पृथ्वी के जलवायु पर बढ़ते संकट के मसले को विकसित देश वास्तव में गंभीर मानते हैं, तो उसके मुख्य कारकों और उसके हल के व्यावहारिक उपायों में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाने के बजाय वे अपने कदम पीछे क्यों खींच लेते हैं!

## Health is Welth

**दूध पीने से सेहत को कई तरह के फायदे मिलते हैं, लेकिन प्रेगनेंसी में दूध पीएं या नहीं इसे लेकर मन में सवाल रहता है। ऐसे में जानते हैं प्रेगनेंसी में कौन सा दूध अच्छा है और पीने का सही तरीका क्या है।**

# प्रेगनेंसी में कौन सा दूध है अच्छा

## जानिए पीने का सही तरीका

नेशनल मिल्क डे हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है। यह दिन दूध के हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। दूध सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमद होता है। इसमें कैल्शियम और फॉस्फोरस होता है, जो हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाता है। इसके अलावा दूध में मौजूद प्रोटीन, कब्ज की समस्या से राहत दिलाता है। वैसे तो दूध के कई फायदे होते लेकिन फिर भी प्रेगनेंट महिलाएं इसे पीने से पहले कंफ्यूज रहती हैं। प्रेग्नेंसी एक बहुत ही जरूरी समय होता है। इस दौरान खाने पीनेका अच्छे से ख्याल रखना चाहिए। ऐसे में जानते हैं प्रेगनेंसी में कौन सा दूध अच्छा है और पीने का सही तरीका क्या है।



### प्रेगनेंसी में कौन-सा दूध है अच्छा?

एक्सपर्ट कहते हैं कि प्रेगनेंसी में दूध पीने के लिए गाय का दूध सबसे हेल्दी माना जाता है। इस दूध में खूब पोषण होता है। हेल्दी प्रेगनेंसी और बच्चे की ग्रोथ के लिए जरूरी विटामिन और कैल्शियम, प्रोटीन और विटामिन डी जैसे पोषक तत्व को डायट में शामिल करना जरूरी है। एक्सपर्ट भी प्रेगनेंसी के दौरान भैंस के दूध को पीने की सलाह नहीं देते हैं क्योंकि इसमें फैट की मात्रा ज्यादा होती है। वहीं भैंस का दूध भारी और पचाने में मुश्किल होता है, जो प्रेगनेंसी के दौरान कुछ महिलाओं के लिए एक चुनौती हो सकता है।

### गर्भावस्था के दौरान दूध पीने के सुरक्षित तरीके

प्रेगनेंसी के दौरान दूध पीने के सुरक्षित तरीकों के बारे में आपको जानना चाहिए। बीमारियों के जोखिम को कम करने के लिए केवल पाश्चुरीकृत दूध और पनीर जैसे दूध के प्रोडक्ट को खाने की सलाह दी जाती है। अगर आप भी दूध से भरे गिलास को पीकर गट-गट करके पी जाते हैं तो ऐसा न करें। हमेशा ध्यान रखें कि गर्म दूध को घूंट-घूंट करके पीने में समय लें और खाने के तुरंत बाद दूध न पियें।

# दाल में प्रोटीन से ज्यादा होता है कार्ब्स

## फिर भी वेट लॉस के लिए है बेस्ट, जानिए कैसे

**ज्यादातर लोग जो वजन कम करना चाहते हैं या फिर वजन को मेंटेन करना चाहते हैं वह खाने में रोटी को छोड़ दाल को खाना पसंद करते हैं। कुछ लोग दाल छोड़ उसका पानी पीते हैं तो वहीं कुछ वजन कम करने के लिए उबली दाल खाते हैं। दाल खाना सेहत के लिए फायदेमंद होता है। माना जाता है कि इसमें प्रोटीन की भी अच्छी मात्रा होती है। लेकिन हाल ही में हेल्थ कोच निपा आशाराम ने अपने इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर वजन घटाने और पोषण संबंधी चीजों को शेयर किया। जिसमें उन्होंने बताया की दाल में प्रोटीन से ज्यादा कार्ब्स हो सकते हैं, जिसकी वजह से इसे पचाना बहुत मुश्किल हो सकता है। कुछ लोग जो वजन कम करने के लिए दाल खा रहे हैं, कई बार उन्हें रिजल्ट में बढ़ा वजन मिल सकता है। ऐसे में अब कंफ्यूज हो रहे हैं कि वेट लॉस के लिए दाल खाएं या नहीं तो आइए जानते हैं डायटीशियन से।**





### क्या कहते हैं एक्सपर्ट?

एचटी के साथ बातचीत के दौरान एक्सपर्ट ने बताया की दाल में प्रोटीन की तुलना में अधिक कार्ब्स होते हैं। लेकिन ये प्लांट बेस्ड प्रोटीन होता है, जिसमें फाइबर के साथ कार्बोहाइड्रेट होता है। ऐसे में वजन घटाने के लिए दाल के खूब फायदे हैं। एक्सपर्ट सलाह देते हैं कि जब आप अपना वजन कम करने की कोशिश कर रहे हों तो रोजाना दाल खाने से फायदा मिल सकता है।

### प्लांट बेस्ट प्रोटीन

वेजिटेरियन लोगों के लिए दाल एक बढ़िया ऑप्शन है क्योंकि इसमें प्लांट बेस्ट प्रोटीन की मात्रा ज्यादा होती है। जो मांसपेशियों की ग्रोथ, मरम्मत और मेटाबॉलिक हेल्थ के लिए अच्छा होता है। दाल आपकी मांसपेशियों को बनाए रखने और फैट कम करने में मदद करता है।

### न्यूट्रीएंट से भरपूर

तुअर, मसूर और मूंग सहित ज्यादातर दालों में फाइबर, विटामिन्स और मिनरल्स की अच्छी मात्रा होती है। वहीं इसमें कैलोरी कम होती है। वेट लॉस के समय जब आप कैलोरी कम खाते हैं हेल्दी वजन घटाने को बढ़ावा देते हैं और इसके पोषक तत्व आपको लंबे समय तक तृप्त महसूस कराते हैं।

### क्रेविंग होती हैं कम

दाल में हाई फाइबर होता है जो पाचन को आसान बनाकर आपको संतुष्ट महसूस कराने में मदद करता है। इसे खाने पर खाने के बीच में अनहेल्दी स्नैक्स खाने का चांस कम हो जाता है।

### एनर्जी और मेटाबॉलिज्म बढ़ाता है

दाल में प्रोटीन और फाइबर मेटाबॉलिज्म को बूस्ट कर सकते हैं। जिससे कैलोरी बर्निंग में मदद मिलती है। इसके अलावा इसे खाकर आपको एनर्जी भी मिलती है।

### वजन घटाने के लिए दाल कब खाएं

वजन घटाने के लिए आप रात के खाने में दाल खा सकते हैं। हालांकि, इस बात का ध्यान रखें कि रात में दाल खाने के बाद सोने में दो से तीन घंटे का गैप हो। वजन घटाने के लिए दाल चावल एक बेहतरीन ऑप्शन माना जाता है। इसमें प्रोटीन, कार्ब्स और फाइबर होता है। ऐसे में रिपोर्ट्स कहती हैं कि आप हफ्ते में कम से कम चार दिन इसे डिनर में खा सकते हैं।

New Delhi

# सावधान! बिगड़ने वाला है मौसम, बढ़ती ठंड के बीच बारिश के आसार, अलर्ट जारी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** मौसम तेजी से करवट ले रहा है। उत्तर भारत समेत देश के कई हिस्सों में ठंड बढ़ती जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली का भी कुछ ऐसा ही हाल है। मंगलवार सुबह दिल्ली में धुंध की एक परत छाई रही। सीपीसीबी के अनुसार कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 'बहुत खराब' श्रेणी में बना हुआ है। दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सोमवार को कुछ सुधार देखा गया था और यह 'खराब' श्रेणी में दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के ताजा आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इसके अनुसार, सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 281 दर्ज किया गया, जबकि रविवार को शाम चार बजे यह 318 था। इस



बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने बताया कि न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2.7 डिग्री अधिक है।

हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले भागों में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम फिर बिगड़ सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य के पांच जिलों लाहौल-स्पीति, चंबा, कांगड़ा, किन्नौर और कुल्लू के ऊंचे इलाकों में 30 नवंबर को हल्की बारिश-हिमपात का पूर्वानुमान है। अगले 7 दिनों के दौरान राज्य के बाकी हिस्सों में मुख्य रूप से शुष्क मौसम रहेगा। उधर, बीते दिनों हुई बर्फबारी से जनजातीय क्षेत्रों में शीतलहर बढ़ गई है। राज्य के चार स्थानों का न्यूनतम तापमान माइनस में चल रहा है। अगले 2 दिनों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

Bengaluru

## नर्स बनकर आई और ब्लड टेस्ट के बहाने अस्पताल से चुराया बच्चा... सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**कलबुर्गी, (एजेंसी)** कर्नाटक के कालाबुरगी में हैरान करने वाला मामला सामने आया है. यहां के जिला अस्पताल से फर्जी नर्सों ने नवजात का अपहरण कर लिया. यहां खुद को नर्स बताने वाली दो महिलाओं ने एक नवजात बच्चे को किडनैप कर लिया.

25 नवंबर की सुबह 4 बजे अस्पताल के वार्ड 115 में कस्तूरी के घर बच्चे का जन्म हुआ. तभी अस्पताल के कर्मचारियों की यूनिफॉर्म में परिवार के पास आई संदिग्धों महिलाओं ने कहा कि उन्हें बच्चे को ब्लड टेस्ट के लिए ले जाना होगा. परिवार ने बच्चा दे दिया लेकिन वह उसे कभी वापस लाई ही नहीं. परेशान माता-पिता, रामकृष्ण और कस्तूरी, सैयद चिंचोली गांव के रहने वाले हैं. ब्रह्मपुर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है और अधिकारी घटना की जांच कर रहे हैं. अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज में महिलाएं नवजात को लेकर अस्पताल से बाहर भागती दिख रही हैं. फुटेज में दोनों में से एक महिला ने चेहरे पर मास्क लगाया हुआ है जबकि दूसरी बच्चे को गोद में लिए दिख रही है. दोनों कुछ देर के लिए अस्पताल की लॉबी में बात करती दिख रही हैं. बता दें कि अस्पताल से बच्चा चोरी का ये कोई पहला मामला नहीं है बल्कि ऐसे कई रैकेट चल रहे हैं. इसी साल दिल्ली के केशव पुरम इलाके में सीबीआई और पुलिस की टीम ने एक घर में छापा मारा था. दो दिनों तक चली रेड के बाद सीबीआई ने मानव तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए 7 से 8 नवजात बच्चों को रेस्क्यू किया था. उनकी उम्र 10 साल से कम थी. इसमें एक नवजात की उम्र तो महज 36 घंटे थी, जबकि दूसरे की उम्र 15 दिन . सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि जांच से पता चला कि आरोपी फेसबुक पेज और व्हाट्सएप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विज्ञापन देते थे.

Tamil Nadu

## आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की तबीयत बिगड़ी, चेन्नई के अस्पताल में भर्ती कराया गया

**चेन्नई, (एजेंसी)** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास की तबीयत बिगड़ गई है। इसके बाद उन्हें चेन्नई के



अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरबीआई अधिकारियों ने बताया कि शक्तिकांत दास को चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह ठीक हैं और चिंता की कोई बात नहीं है। इसके बाद आरबीआई प्रवक्ता की ओर से भी बयान जारी किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को एसिडिटी की शिकायत हुई और उन्हें निगरानी के लिए चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब उनकी हालत ठीक है। अगले 2-3 घंटों में उन्हें छुट्टी दे दी जाएगी। चिंता की कोई बात नहीं है।

Bihar

## 16 साल की लड़की की दरिंदगी के बाद हत्या, अपार्टमेंट के बाथरूम में मिली लाश

**पटना, (एजेंसी)** पटना के फुलवारीशरीफ में 16 साल की लड़की की लाश एक अपार्टमेंट के बाथरूम से मिली है। दरिंदों ने पहले उसका रेप किया फिर उसे मौत के घाट उतार दिया। नग्न हालत में नाबालिग की लाश मिलने के बाद परिजन ही नहीं वारदात से स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। घटना का जमकर विरोध किया। गुस्साए लोगों ने फुलवारी शरीफ-एम्स रोड पर आगजनी कर सड़क जाम कर दिया। पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। इस मामले में जब पुलिस संदिग्ध दो आरोपियों को पकड़ने गई तो इस दौरान पुलिस को भी लोगों ने खदेड़ दिया। हालांकि, पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया है।

इधर, फुलवारी शरीफ डीएसपी सुनील कुमार एवं कई थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों को समझा-बुझाकर शांत करवाया। इसके बाद लड़की की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं गुस्साए लोगों का कहना है कि मृत लड़की को जब तक न्याय मिलेगा, तब तक सड़क से नहीं हटेंगे। वहीं इस घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति है। मंगलवार सुबह भी लोग आक्रोशित दिखे। वहीं पुलिस टीम लगातार कैंप कर रही है। परिजनों ने बताया कि प्रतिदिन की तरह लड़की अपार्टमेंट में सुबह 10 बजे काम करने गई थी। काफी समय बीत जाने के बाद भी वह घर नहीं आई तो छोटी बहन को देखने भेजा जहां उसने देखा कि युवती बिना कपड़े के नग्न अवस्था में बाथरूम में पड़ी है। इसके बाद वह दौड़कर घर आई और घटना की जानकारी दी तो हमलोग दंग रह गए।

खेल

# ऑस्ट्रेलिया में रन के लिहाज से भारत की सबसे बड़ी जीत

## रोहित-शमी की गैरमौजूदगी में भी जीता मुकाबला

**पर्थ, (एजेंसी)** भारत ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हरा दिया है। पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 534 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में कंगारू टीम 238 रन पर सिमट गई। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने पहली पारी में 150 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में 104 रन पर सिमट गई। भारत को पहली पारी के आधार पर 46 रन की बढ़त मिली थी। दूसरी पारी भारत ने छह विकेट पर 487 रन बनाकर घोषित कर दी थी और कुछ बढ़त 533 रन की हासिल की थी।

**स्टार खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में जीता भारत-** ध्यान देने वाली बात यह है कि टीम इंडिया में न तो रोहित शर्मा थे, न ही शुभमन गिल, न ही रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन और न ही मोहम्मद शमी थे। इसके बावजूद टीम इंडिया ने ऐतिहासिक जीत



दर्ज की। 2021 में गाबा में ऑस्ट्रेलिया का घमंड तोड़ने के बाद भारत ने अब पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया का घमंड तोड़ा है। इस टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में चार टेस्ट खेले थे और सभी जीते थे। पांचवें में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। पहले मैच पर्थ के वाका स्टेडियम में खेले जाते थे। हालांकि, 2018 से ऑप्टस स्टेडियम में मैच खेले जाने लगे। पर्थ (वाका, 2008), एडिलेड (2008), गाबा (2021) और अब पर्थ (ऑप्टस)...

भारत ने ऑस्ट्रेलिया में कुछ ऐतिहासिक मैच जीते हैं।

### भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया में सबसे बड़ी जीत

खास बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया की तुलना में कम अनुभव वाली टीम इंडिया ने कंगारुओं को चौंकाया है। पर्थ की उछाल और गति वाली पिच पर मेजबान को डरा कर रखना शानदार बात रही। भारत का यह ऑस्ट्रेलिया में रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत भी है। 295 रन से यह मुकाबला जीतने से पहले भारत ने मेलबर्न में 1977 में 222 रन से जीत दर्ज की थी। वहीं, 2018 में भारत ने मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया को 137 रन से हराया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-3 से क्लीन स्वीप होने के बाद भारतीय टीम की यह वापसी खास है। जसप्रीत बुमराह ने असाधारण कप्तानी की और फ्रंट से टीम को लीड किया। जब मुश्किल में पड़े, उन्होंने विकेट निकालकर दिया। पहली पारी में बुमराह ने पांच विकेट और दूसरी पारी में तीन विकेट लिए। उन्हें इसके लिए प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। इसी के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरा टेस्ट एडिलेड में छह दिसंबर से खेला जाएगा। यह बतौर कप्तान बुमराह का दूसरा टेस्ट था। इससे पहले 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में उन्हें हार मिली थी। बतौर कप्तान यह उनकी पहली टेस्ट जीत है।

सिनेमा

## चंडीगढ़ में रैपर बादशाह के नाइट क्लब में धमाका, पुलिस का दावा- उगाही के मकसद से किया गया ब्लास्ट



चंडीगढ़. चंडीगढ़ के दो नाइट क्लब के पास मंगलवार तड़के धमाके होने की खबर है. कहा जा रहा है कि देसी बमों से धमाके किए गए. मामले की जांच के लिए एनआईए की टीम मौके पर पहुंचेगी.


कहा जा रहा है कि दो अज्ञात बाइकसवारों ने सेक्टर 26 स्थित दो नाइट क्लबों के पास संदिग्ध विस्फोटक फेंके. संदिग्धों ने मंगलवार तड़के चार बजे के आसपास ये हमला किया. बताया जा रहा है कि ये बहुत ही कम क्षमता के ब्लास्ट थे. इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है.

सूत्रों का कहना है कि उगाही के इरादे से ये देसी बम फेंके गए थे. लेकिन फिर भी पुलिस इस हमले के बीच के मोटिव का पता लगा रही है. चंडीगढ़ पुलिस फॉरेंसिक टीमों की मदद से मामले की जांच कर रही है.

## Highlights

1. Eknath Shinde to resign as Maharashtra CM today: Reports
2. What sparked clashes at Udaipur City Palace?
3. Boy dies due to choking after eating over 3 pooris together in Hyd
4. Don't cross the line: BJP Manipur MP Leishemba on Mizoram MP's 'President's Rule' remark
5. Baseless: IIT-Bombay as reports claim it set ₹6 lakh minimum package for placements

# 'No new investments until...': France's TotalEnergies amid bribery charges against Adani Group



**NEW DEIHI, (Agency).** French energy giant TotalEnergies SE on Monday said it will make no new financial contribution as part of its investments in Adani group companies till the Indian firm's founder is cleared of bribery charges.

The energy giant said it was not aware of the investigation into the alleged corruption.

TotalEnergies is one of the biggest foreign investors in billionaire Gautam Adani's business empire and had previously taken stakes in the group's renewable energy venture Adani Green Energy Ltd (AEGL) and city gas unit Adani Total Gas Ltd (ATGL).

In a statement, the French firm said it learnt of US authorities indicting Gautam Adani and two other executives for allegedly paying USD 265 million bribes to Indian officials to secure solar power supply contracts for AEGL.

"This indictment does not target AGEL itself, nor any AGEL-related companies," TotalEnergies said. "Until such time when the accusations against the Adani group individuals and their consequences have been clarified, TotalEnergies will not make any new financial contribution as part of its investments in the Adani group of companies."

Adani group has dismissed the allegations brought in the US court as baseless and has said it would seek all possible legal recourse.

TotalEnergies holds a 19.75 per cent stake in Adani Green Energy Ltd - the renewable energy arm of the Indian group helmed by Gautam Adani. It also has a 50 per cent stake in three joint venture companies that produce electricity from sunlight and wind with AEGL.

# अजोनी बायोटेक ने Q2 FY25 में मजबूत परिणामों की रिपोर्ट की, जिसमें साल दर साल के आधार पर 52% का लाभ (PAT) वृद्धि दर्ज की गई

**मोहाली.** अजोनी बायोटेक लिमिटेड (NSE: AJOONI), एक प्रमुख शुद्ध शाकाहारी पशु स्वास्थ्य देखभाल समाधान कंपनी है, जो डेयरी किसानों की उत्पादकता को सुधारने और स्थायी रूप से पशुधन उत्पादन में वृद्धि करने के लिए समर्पित है, ने Q2 FY25 और H1 FY25 के लिए अपनी अव्याख्यायित वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत की है।

मुख्य वित्तीय मुख्य अंश (स्टैंडअलोन)

Q2 FY25

- कुल आय 26.03 करोड़, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 31.69% , EBITDA 1.08 करोड़, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 16.54% , EBITDA मार्जिन 4.15% ,PAT 0.62 करोड़, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 51.99% , PAT मार्जिन 2.39%, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 32 बीपीएस

H1 FY25

- कुल आय 51.73 करोड़, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 26.65% , EBITDA 2.08 करोड़, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 24.97%

- EBITDA मार्जिन 4.02% ,PAT 1.28 करोड़, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 58.59% ,PAT मार्जिन 2.47%, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 50 बीपीएस

अजोनी बायोटेक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री जसजोत सिंह ने वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा, 'जब हम FY25 की दूसरी तिमाही के लिए अपने प्रदर्शन की समीक्षा करते हैं, तो मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अजोनी बायोटेक लगातार मजबूत वृद्धि और परिचालन उत्कृष्टता प्रदर्शित कर रहा है। हमारी कुल राजस्व में साल दर साल 31.69% की प्रभावशाली वृद्धि हुई है, जो 26.03 करोड़ तक पहुँच गई है, वहीं EBITDA में 16.54% की वृद्धि हुई और शुद्ध लाभ में लगभग 52% की वृद्धि हुई है। ये परिणाम हमारी गुणवत्ता और विस्तार पर केंद्रित रणनीति का प्रमाण हैं।

हमारे खनिज मिश्रण उत्पाद को हाल ही में भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) से प्राप्त प्रमाणन हमारे द्वारा कृषि क्षेत्र में गुणवत्ता और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को उजागर करता है। यह मील का पत्थर हमारी प्रतिष्ठा को बढ़ाता है और बाजार में उच्च गुणवत्ता वाले समाधान प्रदान करने के हमारे मिशन के अनुरूप है।

इसके अतिरिक्त, गुजरात में शुद्ध शाकाहारी पशु आहार के लिए B2C खंड में प्रवेश करना हमारी वृद्धि रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कदम से हमें नए उपभोक्ता आधार तक पहुंचने का अवसर मिलेगा, साथ ही लाभप्रदता में भी वृद्धि होगी। इसके अलावा, एशिया के एक प्रमुख डेयरी आपूर्तिकर्ता से 4.95 करोड़ मूल्य का एक प्रमुख आदेश और पुनः आदेश प्राप्त करना यह दर्शाता है कि हमारे ग्राहक हमारे उत्पादों में विश्वास रखते हैं।

हम नवाचार, ग्राहक संतुष्टि और परिचालन दक्षता पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखते हैं, और हमें विश्वास है कि ये स्तंभ निरंतर वृद्धि को प्रेरित करेंगे और हमारे हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य बनाएंगे। हम आने वाली तिमाहियों में इस उत्साह पर निर्माण करने की उम्मीद रखते हैं।'

Q2 FY25 के प्रमुख बिंदुः

अजोनी को अपने मिनरल मिक्सचर उत्पाद के लिए प्रतिष्ठित भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि कंपनी की कृषि क्षेत्र में प्रीमियम गुणवत्ता वाले उत्पादों की आपूर्ति के प्रति अडिग प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।

## सर्वजनहिताय के लिए हमारे शुभसंकल्पित उद्देश्य

# 'सतर्क रहे - सजग रहे अभियान'

### को जन-गण-मन तक प्रसारित और पल्लवित करने में अपना योगदान दीजिये ।

**हम विवाद के लिए नहीं अपितु संवाद के लिए संकल्पित है...!**

**हम सिर्फ लाभ के लिए नहीं अपितु शुभ के लिए भी संकल्पित है...!**

**हम सिर्फ समस्याओं को उजागर के लिए ही नहीं अपितु समाधान के साथ सहयोग के लिए भी संकल्पित है...!**

**'मित्रस्यम चक्षुक्षाम देहि' की भावना वाली हमारी संवाद और सहयोग की पत्रकारिता के साथ जुड़े ।**

**Webportal :**
https://www.detectivegroupreport.com
https://www.dgr.co.in

**Youtube Channal :**
http://www.youtube.com/c /DETECTIVEGROUPREPORT

**Social Media :**

Twitter
https://twitter.com/Detective_G_R

Facebook
https://www.facebook.com /DetectiveGroupReport

Instagram
https://www.instagram.com /detective_group_report

**Email us :** dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक